बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

16/01/2024

संख्या :– 03/भू0अ0नि0(2)विशेष सर्वेक्षण अमीन(आरोप)शेखपुरा–36/2022 281 पटना, दिनांक :–

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक 839 दिनांक 11.10.2023 द्वारा श्रीमती निबी रानी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01003) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि ये दिनांक 02.06.2023 से दिनांक 08.06.2023 तक आकस्मिक अवकाश पर गयी थी, परन्तु दिनांक 10.10.2023 तक इनके द्वारा योगदान नहीं किया गया है। अनाधिकृत अनुपस्थित रहने एवं कार्य में रूचि नहीं लेने के कारण संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 8761 दिनांक 03.11.2023 द्वारा श्रीमती रानी से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि आकस्मिक अवकाश लेकर घर पर गयी हुई थी, इसी दौरान गिरने के कारण इनके पैर एवं कुल्हे की हड्डी में चोट लग गया, जिस वज़ह से ये अपने कर्त्तव्य पर अनुपस्थित होने में असमर्थ थी। एतद् संबंधी सूचना इनके द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी को टेलिफोनिक, वाट्स ऐप पर पी0डी0एफ0 एवं ई–मेल आई0डी0 पर भी दिनांक 07.07.2023 को दिए जाने का अपने स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी की अनुशंसा एवं श्रीमती रानी से प्राप्त स्पष्टीकरण तथा इसके साथ संलग्न साक्ष्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत इनके द्वारा किए गए अनुरोध पर **''कार्य नहीं तो मानदेय नहीं''** के सिद्धान्त के आलोक में इनका स्पष्टीकरण स्वीकार करते हुए इन्हें स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

साथ ही निदेश दिया जाता है कि ये अपने कर्त्तव्य स्थल पर तुरन्त योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

15/1/24

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)विशेष सर्वेक्षण अमीन(आरोप)शेखपुरा–36/2022 281 **पटना, दिनांक** 16/01/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती निबी रानी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01003), बंदोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)विशेष सर्वेक्षण अमीन(आरोप)शेखपुरा–36/2022 281 **पटना, दिनांक** 16/01/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)विशेष सर्वेक्षण अमीन(आरोप)शेखपुरा–36/2022 281 **पटना, दिनांक** :16/01/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
15/1/24